अमर उजाला 5/9/19

बच्चों ने जाने गिलोय के फायदे

कानपुर। अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में छात्र-छात्राओं को गिलोय पौधे के फायदे बताए गए। बच्चों को बताया गया कि गिलोय का रस ताजगी लाने वाले तत्व के रुप में कार्य करता है। इससे इम्यूनिटी सिस्टम में सुधार आता है। शरीर में अतिआवश्यक सफेद सेल्स की कार्य करने

अमर उजाला अपराजिता 100 MILLION SMILES

की क्षमता बढ़ती है। यह शरीर के भीतर सफाई करके लीवर और किडनी को मजबूत बनाता है। लंबे समय से चलने वाले बुखार के इलाज में गिलोय काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शरीर में ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाता है। यह डेंगू और स्वाइन फ्लू के इलाज में काफी कारगर है। इससे मलेरिया से बचा जा सकता है। गिलोय के चूर्ण को शहद के साथ लेना चाहिए। यहां पर प्रिंसिपल भावना गुप्ता, किरन तिवारी, नेहा थापा व विभा द्विवेदी मौजूद थीं। छह सितंबर को स्कूल में गिलोय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

अमर उजाला 7/9/19

विजयी प्रतिभागी बच्चों के साथ सौरभ शुक्ला, किरण तिवारी, प्रिंसिपल भावना गुप्ता, सुनीता आर्या, सीमा सिंह (दाएं से)।

गिलोय प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने दिखाया हुनर

कानपुर। गिलोय के पौधे के बारे लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड और अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से घर-घर अमृता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर, कमला नगर में स्कूल के बच्चों के बीच गिलोय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पौध वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डीजी कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनीता आर्या, स्कूल की प्रधानाचार्य भावना गुप्ता रहीं। प्रथम स्थान पर पावनी मिश्रा, यश मिश्रा, सत्यांश गुप्ता, द्वितीय स्थान पर युवराज सिंह, धनेश सोनी, सर्विन त्रिपाठी और तृतीय स्थान पर रेवांत खन्ना, अक्षरा जैन, दिव्यांश उपाध्याय रहे। कार्यक्रम का संचालन सौरव शुक्ला ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किरन तिवारी, नेहा थापा का सहयोग रहा।